पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com

क्रमांकः– 12715 दिनांकः 12/08/2022

सीमित निविदा सूचना संख्या 02/2022–23

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में प्रशासनिक भवन के सेमिनार हॉल एवं कोंफ्रेस हॉल हेतु पर्दे क्रय हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:–

S. No.	Item Description	Size/Height	Rate (inclusive of all govt. taxes, other levie, duties Except GST)
1	2	3	4
1.	Zebra Blinds Black out Khuki Curtain for 6 Windows	234 Sq Fit with Fitting Charges	
2.	Zebra Blinds Black Out Brown Curtain for 6 Windows	216 Sq Fit with Fitting Charges	

GST @ in %...

निविदा ठीक तरीके से लिफाफे में मोहर बंद होकर उस पर उचित रूप से कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को संबोधित की जानी चाहिये। सीमित निविदा दिनांक 16.08.2022 को दोपहर 01:00 बजे या उससे पूर्व पहुंच जानी चाहिए। मोहर बंद निविदा को इस कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से भी दिया जा सकता है। (कार्यालय में कार्य समय में) अथवा उसे रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा जा सकता है, नियत समय तक प्राप्त निविदाओं पर ही विचार किया जावेगा। सीमित निविदा को दिनांक 16.08.2022 को दोपहर 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा या उसके अधिकृत किसी अधिकारी द्वारा निविदा देने वाले या उसके प्रतिनिधियों के समक्ष जो उपस्थित हो खोली जायेगी।

निविदा शर्तेः–

1. निविदा की अनुमानित लागत राशि रू. 190000/– है।
2. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. निविदा ठीक तरीके से लिफाफे में मोहर बंद कर उस पर उचित रूप से कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को संबोधित किया जाना चाहिये।
4. निविदा का मोहर बंद लिफाफा दिनांक 16.08.2022 को दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय में पहुंचाना आवश्यक है। दिनांक 16.08.2022 को दोपहर 03:00 बजे प्राप्त निविदा को निविदा देने वाले या उसके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।
5. संवेदक का जीएसटी के अन्तर्गत पंजीयन होना आवश्यक है। जीएसटी पंजीयन संख्या का उल्लेख अवश्य किया जाना चाहिए।
6. दर स्पष्ट शब्दों व अंकों में लिखे। त्रुटि व उपरिलेखन नहीं होना चाहिए। कोई सुधार करना हो तो स्पष्ट काट कर पुनः लिखे व लघु हस्ताक्षर करें।

Scanned by CamScanner

7. अनुमोदित संवेदक के लिए यह समझा जाएगा कि उससे निविदा की शर्तों व विशिष्टियों के संबंध में सावधानीपूर्वक जांच कर ली है। यदि उसे इन शर्तों के किसी भाग आदि के आशय के बारे में कोई संदेह हो, तो वह निविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व विश्वविद्यालय से स्पष्टीकरण प्राप्त करेगा।
8. संवेदक अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौंपेगा या उप भाड़े (सब लेट) पर नहीं देगा।
9. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के प्रावधान भी लागू होंगे।
10. विश्वविद्यालय के पास किसी भी संविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। जिन कार्यों के लिए संविदा में दी गई उनकी पूर्ण मात्रा या उनके किसी भाग के लिए विश्वविद्यालय की इच्छानुसार आदेश दिये जा सकते हैं। उपापन समिति को कार्य की मात्रा को कम या ज्यादा करने तथा संविदा प्रक्रिया को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार तथा किसी बोली या समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार होगा।
11. समस्त कानूनी/विधिक कार्यवाही, यदि किसी भी पक्ष द्वारा संस्थित किये जाने की आवश्यकता पड़े तो राजस्थान में सीकर स्थित न्यायालय में ही प्रारम्भ करनी होगी किसी अन्य स्थान पर नहीं।
12. संविदा की शर्तों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सामान की आपूर्ति नहीं पाये जाने पर संवेदक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर कार्यादेश निरस्त कर द्वितीय न्यूनतम बोलीदाता को कार्यादेश दे दिया जावेगा।
13. नियमानुसार देय करों (TDS) की कटौती स्रोत पर की जावेगी।
14. संवेदक को दरें समस्त करों सहित अंकित करनी होगी/भरनी होगी। GST की दरे पृथक से भरनी होगी जिसका अतिरिक्त भुगतान किया जावेगा।
15. कोई राशि अग्रिम देय नहीं होगी।
16. कार्य सम्पादन का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत अधिकारी का निर्णय ही संवेदकों के लिए अंतिम एवं मान्य होगा तथा उक्त के बाद ही भुगतान की कार्यवाही की जा सकेगी।
17. मैंने सभी शर्तों का अध्ययन कर लिया है एवं उल्लेखित सभी शर्तें मुझे स्वीकार्य हैं।

कुलसचिव

क्रमांक :- 12715 दिनांक 12/08/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य हेतु प्रेषित है :-

1. कुलपति सचिवालय
2. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा
3. नोडल प्रभारी, विश्वविधालय वेबसाईट & पोर्टल को प्रेषित कर लेख है कि उक्त निविदा को अपलोड करने का श्रम करावे।
4. लेखा शाखा
5. रक्षित पत्रावली

कुलसचिव

Scanned by CamScanner